www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

SB NEWS
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# संजना भारती
RNI No. : DELHIN/2016/70240
आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट से भारत...
3 अधिकारियों ने घाट का किया दौरा, नाविको पर हुई...
4 हर घर-हर गृहिणी योजना का लाभ लेने के...

वर्ष: 9 | अंक: 100 | दिल्ली, सोमवार, 3 फरवरी 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध द्रमुक सरकार: मुख्यमंत्री स्टालिन

**तमिलनाडु (एजेन्सी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को कहा कि उनकी द्रविड़ मॉडल सरकार आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य की समृद्ध प्राकृतिक विरासत की रक्षा के लिए बढ़-चढ़कर कदम उठाती रहेगी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, इस विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर मुझे रामनाथपुरम जिले में दो और स्थलों-सक्करकोट्टई और थेर्थंगल पक्षी अभयारण्यों को रामसर स्थल के रूप में नामित करने की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जिससे तमिलनाडु में रामसर स्थलों की कुल संख्या बढ़कर 20 हो जाएगी, जो देश में सबसे अधिक है। 2021 में तमिलनाडु आर्द्रभूमि मिशन शुरू होने के बाद 19 स्थलों को रामसर स्थल के रूप में नामित किया गया है। तमिलनाडु में स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार ने मई 2021 में सत्ता संभाली थी। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी द्रविड़ मॉडल सरकार आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। वह अपनी समृद्ध प्राकृतिक विरासत की रक्षा के लिए बढ़-चढ़कर कदम उठाती रहेगी।

### राजस्थान के कई इलाकों में बारिश होने का अनुमान

**राजस्थान (एजेन्सी)।** राजस्थान के कई हिस्सों में एक नये पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले दो दिन बारिश होने का अनुमान है। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कुछ भागों में एक नया पश्चिमी विक्षोभ तीन व चार फरवरी के दौरान सक्रिय होने की संभावना है। विभाग के अनुसार इस दौरान पूर्वी व उत्तरी राजस्थान में कहीं कहीं वर्षा होने की संभावना है। वहीं बीते चौबीस घंटे में राज्य में निम्नतम न्यूनतम तापमान लूणकरणसर में 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार राज्य के बाकी हिस्सों में आगामी दिनों मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### दिल्ली पुलिस ने गाजीपुर मंडी के पास 'मकोड़ा' गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया

**दिल्ली (एजेन्सी)।** दिल्ली पुलिस ने सुंदर भाटी गिरोह के एक सदस्य को पूर्वी दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इस गिरोह को मकोड़ा गिरोह के नाम से भी जाना जाता है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी से दो स्वचालित पिस्तौल और 125 कारतूस जब्त किए गए, जिनमें एके-47 हथियार में इस्तेमाल की जाने वाली मैगजीन भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अमरीश भाटी को गिरोह के एक पूर्व सदस्य से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर 28 जनवरी को गाजीपुर मंडी में एक पांच सितारा होटल के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, ग्रेटर नोएडा निवासी अमरीश (34) हिंदू अध्ययन में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहा था। अधिकारियों ने बताया कि अमरीश का आपराधिक इतिहास 2000 से शुरू होता है, जब वह एक संपत्ति विवाद का बदला लेने के लिए हत्या में शामिल हुआ। उन्होंने बताया कि बाद में वह उत्तर प्रदेश में संजय और सुमित भाटी गिरोह से जुड़ गया। अधिकारियों ने इससे पहले 19 जनवरी को गिरोह के एक अन्य सदस्य कालू को गिरफ्तार किया था और उसके पास से हथियार जब्त किए थे।

### मणिपुर में नदियों, झीलों और जल निकायों का पुनरुद्धार किया जा रहा है: मुख्यमंत्री

**मणिपुर (एजेन्सी)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार को कहा कि राज्य में कई नदियों, झीलों और जल निकायों का कायाकल्प किया जा रहा है ताकि उनके पारिस्थितिकी तंत्र और आसपास के पर्यावरण की रक्षा की जा सके। इंफाल पश्चिम जिले के कांचीपुर के लीशांग हिडेन में विश्व आद्रभूमि दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि सौंदर्यीकरण और इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए जल निकायों का पुनर्विकास भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम आद्रभूमि का संरक्षण और कायाकल्प कर रहे हैं। हम जीवित रहने के लिए प्रकृति पर निर्भर हैं। हम इसकी देखभाल कर रहे हैं।

### दिल्ली पुलिस ने 2.23 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की

**दिल्ली (एजेन्सी)।** दिल्ली पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में मादक पदार्थ के दो तस्करों को पकड़ा है और उनके पास से 2.23 करोड़ रुपये मूल्य की 390 ग्राम हेरोइन जब्त की है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पहले अभियान में पुलिस ने शुक्रवार को भलस्वा डेयरी से साहिदुल खान उर्फ बाबू खान को 294 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। खान की गिरफ्तारी एक पुराने मामले के बाद हुई है जिसमें मंगोलपुरी में सनी और सारिका नामक एक जोड़े को 280 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया था। जांच में पता चला कि खान ही उनका आपूर्तिकर्ता था। दूसरे अभियान में पुलिस ने शुक्रवार को जहांगीरपुरी में अंजू उर्फ गौरी भाभी को 96 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा। पुलिस को उसका संबंध एक पुराने मामले से मिला जिसमें शेख शाहनवाज उर्फ सोहेल से 402 ग्राम हेरोइन जब्त की गई थी।

# भारत-इंडोनेशिया के लोगों के लिए, हमारे रिश्ते सिर्फ भू-राजनैतिक नहीं हैं, हम हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से जुड़े हैं: प्रधानमंत्री मोदी

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंध सिर्फ भू-राजनीतिक नहीं हैं, बल्कि ये हजारों साल की साझा संस्कृति और इतिहास पर आधारित हैं तथा दोनों देशों की अनेकता में एकता की परंपरा है। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए इंडोनेशिया के जकार्ता में श्री सनातन धर्म आलयम के महा कुंभ-अभिषेकम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

मोदी ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मैं जकार्ता में मुरुगन मंदिर के महा कुंभ-अभिषेक का हिस्सा बना हूं। मैं भले ही जकार्ता से सैकड़ों किलोमीटर दूर हूं, लेकिन मेरा मन इस आयोजन के उतने ही करीब है, जितना भारत-इंडोनेशिया के आपसी रिश्ते...मैं महा कुंभ-अभिषेक के अवसर पर वहां के सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं।

मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भारत से 140 करोड़ भारतीयों का प्यार लेकर गए हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है, उनके (प्रबोवो) जरिए आप सब हर भारतीय की शुभकामनाओं को वहां अनुभव कर रहे होंगे। मोदी ने कहा, मैं आप सभी को और भारत-इंडोनेशिया समेत दुनिया भर में भगवान मुरुगन के करोड़ों भक्तों को



जकार्ता मंदिर के महा कुंभ-अभिषेकम की बधाई देता हूं। मेरी कामना है तिरुप्पुगल के भजनों के माध्यम से भगवान मुरुगन का यशगान होता रहे। स्कंद षष्ठी कवचम्‌ के मंत्र सभी लोगों की रक्षा करें। उन्होंने कहा, भारत और इंडोनेशिया के लोगों के लिए, हमारे रिश्ते सिर्फ भू-राजनैतिक नहीं हैं। हम हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से जुड़े हैं। हम हजारों वर्ष पुराने इतिहास से जुड़े हैं। हमारा संबंध विरासत का है, विज्ञान का है, विश्वास का है। हमारा संबंध साझी आस्था का है, आध्यात्म का है। हमारा संबंध भगवान मुरुगन और भगवान श्रीराम का भी है। और, हमारा संबंध भगवान बुद्ध का भी है। उन्होंने कहा, भारत से इंडोनेशिया जाने वाला कोई व्यक्ति जब प्रम्बानन मंदिर में हाथ जोड़ता है, तो उसे काशी और केदार जैसी ही आध्यात्मिक अनुभूति होती है। जब भारत के लोग काकाविन और सेरात रामायण के बारे में सुनते हैं तो उनमें वाल्मीकि रामायण, कम्ब रामायण और रामचरित मानस जैसी ही भावना जगती है। अब तो भारत में अयोध्या में इंडोनेशिया की रामलीला का मंचन होता रहता है।

इसी तरह, बाली में जब हम ओम स्वस्ति-अस्तुसुनते हैं, तो हमें भारत के वैदिक विद्वानों का स्वस्ति-वाचन याद आता है। मोदी ने कहा, आपके वहां बोरोबुदुर स्तूप में हमें भगवान बुद्ध की उन्हीं शिक्षाओं के दर्शन होते हैं, जिनका अनुभव हम भारत में सारनाथ और बोधगया में करते हैं। हमारे ओडिशा राज्य में आज भी बाली जात्रा मनाया जाता है। ये उत्सव उन प्राचीन समुद्री यात्राओं से जुड़ा है, जो कभी भारत-इंडोनेशिया को व्यापारिक और सांस्कृतिक रूप से जोड़ती थीं। आज भी, भारत के लोग जब हवाई यात्रा के लिए गरुड़ इंडोनेशियामें बैठते हैं, तो उन्हें उसमें भी हमारी साझा संस्कृति के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के संबंध मजबूत तारों से गुथे हैं। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों इस साझी विरासत से जुड़ी कितनी ही चीजों पर बात की।

## हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने सामूहिक विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने रविवार को घरौंड़ा नई अनाज मंडी में शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा आयोजित 23वें सामूहिक विवाह समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और नवविवाहित परिणय सूत्र में बंधे जोड़ों को स्नेह भरा आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उन्होंने अपने ऐच्छिक कोष से शिव शक्ति सेवा मंडल को पांच लाख रुपये देने की घोषणा की।

सामूहिक विवाह समारोह में 15 जरूरतमंद कन्याओं की पूरें रिति रिवाज से शादी करवाई गई व उन्हें गृहिणी सामान भी दिया गया। समारोह में पहुंचने पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण का संस्था के पदाधिकारियों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि शिव शक्ति सेवा मंडल गरीब व जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी करके सामाजिक सरोकार का कार्य कर रही है। इसके लिए उन्होंने संस्था के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रमों मे समाज के हर व्यक्ति को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पुण्य के कार्य में सभी को अपनी आहुति डालनी चाहिए और अधिक से अधिक दान कर संस्था की मदद करनी चाहिए। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अपील की समाज की भलाई के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने ने कहा वर्तमान भाजपा सरकार भी हर वर्ग के हित में कार्य कर रही है। समाज के हर व्यक्ति की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे समाज की भलाई में कार्य करे।

इस मौके पर सुभाष तोमर, संस्था प्रधान कुलदीप कैमला, सचिव देवेंद्र धीमान, कोषाध्यक्ष धीरज भाटिया, सलाहकार राज सिंगला, सलाहकार पुष्कल टक्कर, दीपक शर्मा, डा. रमेश शर्मा, सतविंदर सिंह, अशोक भटनागर, विनोद गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कर रही काम: सतपाल जांबा

### विधायक सतपाल जांबा का गीता कॉलोनी में लोगों ने किया स्वागत



**संजना भारती संवाददाता**

**असंध।** भाजपा सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही है। भाजपा में सभी वर्गों के हित सुरक्षित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों से प्रभावित होकर लोग भाजपा के साथ जुड़ है।

उपरोक्त विचार पूण्डरी से विधायक सतपाल जांबा ने वार्ड-13 गीता कॉलोनी में प्रमोद शर्मा के आवास पर लोगों को सम्बोधित करते हुए कहे। विधायक सतपाल जांबा का नगरपालिका कार्यकारी चेयरमैन राजेंद्र ढींगड़ा, पार्षद सिमांत शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि विजय गर्ग, समाजसेवी प्रमोद शर्मा व राजु शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट में किसानों सहित सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखा गया है।

बजट देश के विकास को और अधिक गति देने वाला है। सतपाल जांबा ने कहा कि दिल्ली में भी भाजपा की सरकार बनेगी। इस अवसर पर एडवोकेट नरेन्द्र शर्मा, संजय भट्ट, सतबीर मुनिम, संजीव कौशिक, महीपाल शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।





वार्ड 13 गीता कॉलोनी में विधायक सतपाल जांबा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते पार्षद व प्रमोद शर्मा। (छाया: एसबी)

## अन्नपूर्णा मंदिर कुंभाभिषेक

## कुंभाभिषेक एक आध्यात्मिक और सामाजिक अनुष्ठान है जो पूरे देश में खुशी और समृद्धि लाता है: महंत शंकरपुरी





- शंकराचार्य 80 मिनट रहें भगवती के दरबार में, सबको आशीर्वाद दिया
- कुमकुमाअर्चम कर वैदिक ब्राह्मणों द्वारा गणपति मूल मंत्र का जाप कर 12 हजार मोदक से हवन हुआ
- महंत ने किया गंगा पूजन, जलयात्रा हुई, भव्य सैकड़ो भक्त हुये शामिल
- शंखनाद, डमरुदल, बैंड-बाजा, शहनाई एवं नादस्वरम के बीच रजत कलश में गंगा जल पहुंचा मंदिर

**एसबी ब्यूरो प्रमुख गौतम कुमार झा**

**वाराणसी।** अन्नपूर्णा मंदिर में कुंभाभिषेक नौदिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन शंकराचार्य विधु शेखर भारती स्वामी जी महंत शंकपुरी महराज ने रजत कलश दिया और श्री महंत सुभाष पूरी ने माला अर्पित कर स्वागत किया, साथ ही सैकड़ो की संख्या मे बटुको ने मन्त्रों के साथ उनका स्वागत किया।

शंकराचार्य कुकुमार्चन में शामिल हुए, माता का सविधि दर्शन पूजन कर महादेव के उद्घोष के बीच मंदिर प्रांगण मे रजत सिंहासन पर विराजमान हुये। महंत समेत विद्वानो ने मंत्रो चार के साथ उनका नमन किया, बैठे भक्तों को हाथ उठा कर आशीर्वाद दिया। मंदिर में रहें महा गणपति मोदक हवन कुंड के पास गये वहा मंत्रो के बीच शंकराचार्य ने हवन कुंड मे मोदक अर्पित कर एक फेरी लगाए। मंदिर के श्री महंत और महंत ने शंकराचार्य को विशेष भेट दे कर आशीर्वाद लिए। शंकराचार्य 80 मिनट मंदिर मे रहें अनुष्ठान व पूजा पाठ के बाद अपने गंतव्य को प्रस्थान किए।

नौदिवसीय महा अनुष्ठान मे शंकराचार्य के भव्य शोभायात्रा के बाद अन्नपूर्णा मंदिर में भव्य स्वागत किया गया। इससे पहले पांच रजत कलश के साथ सैकड़ो की संख्या मे महिलाये कलश लेकर मंदिर से गेट नम्बर एक ढूंढिराज गणेश जी को नमन करते हुये दशाश्व मेघ पहुंची। रास्ते भर शंखनाद शहनाई बजाते हुये माता का जयकारा करते हुये सैकड़ो भक्तों के साथ मंदिर महंत शंकर पुरी व श्री महंत सुभाष पुरी घाट पहुंचे। वहां 101 वैदिक ब्राह्मणों ने नौ विग्रह प्रशांनंदी श्री गंगा पूजन शुरू करवाई जो लगभग एक घंटे तक चली इसके बाद माँ गंगा को महंत ने दूध व माता की चुनरी अर्पित किया नमन कर सैकड़ो भक्तों के साथ भव्य जलायात्रा के साथ मंदिर गये। महंत जी ने सभी भव्य शोभायात्रा में शामिल हुई महिलाओं को माता की चुनरी भेट किया सभी महिलायें व पधारे भक्तगण माता का प्रसाद ग्रहण कर निकले।

**मुख्य रूप से इनकी रही उपस्थिति:** पूरे कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा मठ मंदिर के महंत शंकर पुरी, श्री महंत सुभाष पूरी श्रृंगेरी मठ के प्रबंधक, प्रोफेसर रामनारायण द्विवेदी, चेल्ला सुब्बा राव, पं विशेश्वर शास्त्री द्रविड़, प्रोफेसर राजाराम शुक्ल, अनिल नारायण किंजवडेकर, चंद्रमौली उपाध्याय, बृजभूषण ओझा, चेल्ला जगन्नाथ प्रसाद, के वेंकट रमण, वीएस मणी, के.वी नारायणन, षडानन पाठक, प्रदीप श्रीवास्तव, राकेश तोमर समेत गणमान्य जन रहें।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 361 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत रविवार को एच.पी इंस्टीट्यूट के ग्राउंड दातागंज रोड बदायूं में बृहद आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में 12 जोड़े मुस्लिम, 90 जोड़े बौद्ध धर्म एवं 259 हिन्दु जोड़ों नें प्रतिभाग किया इस प्रकार कुल 361 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में बी.एल. वर्मा, उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली, दुर्विजय शाक्य क्षेत्रीय अध्यक्ष, ब्रज क्षेत्र, महेश चंद्र गुप्ता, सदर विधायक, निधि श्रीवास्तव जिलाधिकारी आदि की गरिमामई उपस्थिति रही।

केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत किया जा रहा है इसमें बिना किसी भेदभाव के जोड़ों का चयन किया गया है और उनको ससम्मान बुलाकर इतने बड़े परिसर में सम्मिलित करके विवाह कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजना है जो अनेकता में एकता व समाजिक समरसता का संदेश देती है तथा गरीब परिवारों की कन्याओं के धूमधाम से विवाह आयोजन का अवसर भी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा बिना भेदभाव के पात्रों को विभिन्न योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरह से दिया जा रहा है।



सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि पति पत्नी गाड़ी के दो पहिए हैं उनका दोनों पक्षों का समाधान करते हुए गृहस्थी की गाड़ी आगे बढ़ानी चाहिए। क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज प्रदेश भारतीय जनता पार्टी दुर्विजय शाक्य ने कहा कि आयोजन बहुत ही भव्य है। मैं सभी नवयुगलों को आशीर्वाद देता हूं कि आप जीवन में स्वस्थ एवं समृद्धि पूर्ण जीवन व्यतीत करें। इस अवसर पर शारदेंदु पाठक, जिला उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, प्रेम स्वरूप पाठक, पूर्व विधायक, सदर बदायूं, श्री हर प्रसाद पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, बृजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, केशव कुमार मुख्य विकास अधिकारी, मीनाक्षी वर्मा जिला समाज कल्याण अधिकारी बदायूं, रेखा देवी भारती ब्लॉक प्रमुख अंबियापुर शिशुपाल शाक्य, ब्लॉक प्रमुख उझानी, अनेक पाल सिंह राठौर, ब्लॉक प्रमुख, सलारपुर, अमित पाठक ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बिसौली ओम किशन, ब्लॉक प्रमुख, आसफपुर मुरली मनोहर गुप्ता अध्यक्ष रूदायन सहित अन्य विभागीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## आम बजट में आयकर छूट

**आम** बजट में मध्य वर्ग को राहत मिलने के आसार तभी दिखने लगे थे। निर्मला सीतारमण की ओर से बारह लाख 75 हजार रुपए तक की आय पर मिली आयकर छूट को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के बजट से खुश नहीं हैं और कह रहे हैं कि इस बजट से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिली है। इस बजट में बिहार को बहुत कुछ मिला है। निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का एलान किया है। इससे बिहार के मखाना किसानों को राहत मिलने के आसार है। इसके उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर बढ़ेंगे। जाहिर है कि इसका सीधा फायदा बिहार के ही लोगों को मिलेगा। बजट प्रस्तावों में मखाना निकालने के काम में लगे लोगों के लिए भी सरकारी राहत की बात की गई है। यानी मखाना उत्पादक, उसके वितरक और उसके कामगार, सबको राहत और मौका देने की बात की गई है। प्रस्तावित मखाना बोर्ड की एक और जिम्मेदारी होगी। वह किसानों को प्रशिक्षण और सहयोग भी देगा। साथ ही उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाले फायदों को भी सुनिश्चित करेगा। वैसे देखें तो मध्य वर्ग को केंद्र सरकार ने इन बजट प्रस्तावों के जरिए एक लाख करोड़ रुपए का उपहार दिया है। इसमें 12 लाख 75 हजार रुपए की आमदनी वाले लोगों को जहां टैक्स में 80 हजार रुपए का फायदा हुआ है। आयकर में छूट की मांग अरसे होती रही है। पिछले कई बजट में ऐसी छूट नहीं मिलती थी तो लोग इसे लेकर निराश होते रहते थे। बहरहाल 16 लाख रुपए की आमदनी वाले लोगों को टैक्स में 50 हजार रुपए का फायदा हुआ है तो 18 लाख रुपए की आमदनी वाले को टैक्स में 70 हजार रुपए का लाभ दिख रहा है। इसी तरह 20 लाख रुपए की आमदनी वाले को 90 हजार रुपए का फायदा होगा तो 25 लाख रुपए की आमदनी वाले को एक लाख दस हजार रुपए का नए टैक्स नियमों से फायदा होगा। इसी तरह 50 लाख रुपए की आमदनी वाले को भी एक लाख दस हजार रुपए का फायदा हो रहा है। जाहिर है कि मध्य वर्ग को इससे फायदा होता नजर आ रहा है। वायस ऑफ बैंकिंग के प्रमुख अश्विनी राणा के अनुसार, टैक्स बचने से लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा आयेगा। इससे लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी। इससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया गया। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा। भारतीय पोस्ट यानी इंडियन पोस्ट के दफ्तरों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसका लाभ भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के छोटे उद्योगों को लाभ मिलेगा। एमएसएमई को राष्ट्रीय मिशन के रूप में लिया जाएगा और नए वर्गीकरण तथा ऋण में भी बढ़ोतरी से लाभ होगा। एमएसएमई को भी क्रेडिट कार्ड देने की तैयारी है। इसके साथ ही बजट प्रस्तावों में राज्यों को शहरों में पूंजीगत योजनाओं में निवेश के लिए ऋण से जहां विकास होगा वहीं रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही, सक्षम आंगनवाड़ी 2.0 के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा। ऊर्जा और जल मिशन पर भी फोकस किया गया है। रोजगार पैदा करने के लिए पर्यटन केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों का विकास अच्छा प्रयास है। सरकार ने इसी तरह बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश को 75 से 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। इससे बीमा क्षेत्र में विकास की उम्मीद है। अश्विनी राणा का कहना है कि इसके बावजूद सरकार को सचेत रहना होगा और बीमा कंपनियों को जनता को लूटने से बचाना होगा। सरकार को इसके लिए कड़ी निगरानी रखनी होगी। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए नए कोड की घोषणा शीघ्र होगी। जीवन रक्षक दवाइयों पर आयात शुल्क समाप्त करने से रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। हर जिले में कैंसर के इलाज की सुविधा देना भी बड़ा फैसला है। इसके साथ ही मेडिकल पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी है। आम आदमी का सपना है अपने सिर पर अपना छत होना। इस बजट के जरिए लोगों को घर खरीदने में राहत का भी ऐलान किया गया है। इससे लोगों के साथ ही रियल एस्टेट को भी फायदा होगा। जिससे निर्माण क्षेत्र में रोजगार बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। बिहार का पटना हवाई अड्डा इन दिनों बेहद व्यस्त है। लेकिन वह छोटा पड़ रहा है।

### जयंती

**सुहासिनी गांगुली**

जन्म-3 फरवरी, 1909; मृत्यु-23 मार्च, 1965) भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थीं। भारतवर्ष की आजादी उनके जीवन का सबसे बड़ा सपना था, जिसको पूरा करने में उन्होंने अपना पूरा जीवन लगा दिया। उनके इस त्यागमय जीवन और साहसिक कार्य को सम्मान देने के लिए कोलकाता की एक सड़क का नाम 'सुहासिनी गांगुली सरनी' रखा गया है। रचना भोला यामिनी ने अपनी पुस्तक 'स्वतंत्रता संग्राम की क्रांतिकारी महिलाएँ' में उनके जीवन चरित्र का वर्णन किया है।



### पुण्यतिथि

**अल्ला रक्खा खाँ**



जन्म-29 अप्रैल, 1919; मृत्यु-3 फरवरी, 2000) सुविख्यात तबला वादक, भारत के सर्वश्रेष्ठ एकल और संगीत वादकों में से एक थे। इनका पूरा नाम पूरा नाम कुरैशी अल्ला रक्खा खाँ है। अल्ला रक्खा खाँ अपने को पंजाब घराने का मानते थे। अल्ला रक्खा खाँ के पुत्र का नाम जाकिर हुसैन है जो स्वयं प्रसिद्ध तबला वादक हैं। आरंभ से ही अल्ला रक्खा को तबले की ध्वनि आकर्षित करती थी। बारह वर्ष की अल्प आयु में एक बार अपने चाचा के घर गुरदासपुर गये। वहीं से तबला सीखने के लिए घर छोड़ कर भाग गये। इस से यह पता चलता है कि आपके मन में तबला सीखने की कितनी ललक थी।

### कल मिलेंगे

**सास (बहू से)**-भगवान ने तुम्हें दो-दो आंखें सिर्फ मोबाईल देखने के लिए नहीं दी हैं, कुछ नहीं तो चावल से 2-4 कंकड़ ही बीन दिया करो

**बहू**-भगवान ने आपको भी 16-16 दांत सिर्फ मेरी बुराई करने के लिए नहीं दिए हैं, 2-4 पत्थर भी चबा लिया करो...

### संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**

**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट से भारत निर्माण को मिलेगी गति

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक, यह बजट भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है। यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। इसके माध्यम से उन्होंने युवाओं के लिए कई क्षेत्र खोले हैं। जिससे आम नागरिक विकसित भारत के मिशन को आगे बढ़ाने जा रहा है। यह बजट एक फोर्स मल्टीप्लायर है, जो बचत, निवेश, खपत और विकास को तेजी से बढ़ाएगा**

**-कमलेश पांडेय**

**आम** बजट 2025 एक सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट है। यह कई मायने में सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी भी है। खासकर ताजा बजट प्रस्तावों के माध्यम से मध्यम वर्ग को जो भारी कर राहत प्रदान किया गया है और आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपया तक कर दिया गया है, उससे अर्थव्यवस्था को विभिन्न कोणों से मजबूती मिलने के आसार प्रबल हैं। कुल मिलाकर यह आम आदमी का बजट है, जो गरीबों, युवाओं, अन्नदाता किसानों और नारी शक्ति को आर्थिक मजबूती प्रदान करता है। सच कहा जाए तो यह आम बजट विकसित भारत यानी हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है, जिसमें किसानों, गरीबों के साथ-साथ मध्यम वर्ग पर भी ध्यान दिया गया है। वहीं, महिला और बच्चों की शिक्षा, उनके पोषण व स्वास्थ्य पर भी फोकस किया गया है। इस बजट में स्टार्टअप, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट तक, यानी कि अर्थव्यवस्था की समुन्नति के हर क्षेत्र को समाहित किया गया है। इस प्रकार यह बजट मोदी सरकार के आत्मनिर्भर भारत का व्यापक रोडमैप है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक, यह बजट भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है। यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। इसके माध्यम से उन्होंने युवाओं के लिए कई क्षेत्र खोले हैं। जिससे आम नागरिक विकसित भारत के मिशन को आगे बढ़ाने जा रहा है। यह बजट एक फोर्स मल्टीप्लायर है, जो बचत, निवेश, खपत और विकास को तेजी से बढ़ाएगा।

आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर होता है कि सरकारी खजाना कैसे भरा जाएगा, लेकिन यह बजट उसके ठीक उलट है। यह बजट देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगी, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास में कैसे भागीदार बनेंगे...इस बात की चिंता करता है। इस बजट में सुधार हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। विशेष कर यह बजट देश के विकास में सिविल न्यूक्लियर एनर्जी का बड़ा योगदान सुनिश्चित करेगा।

यूँ तो बजट में हर तरह से रोजगार के सभी क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, फिर भी मैं उन सुधारों की चर्चा करना उचित समझता हूं जो आने वाले समय में बड़ा बदलाव लाने वाले हैं। खासकर इंफ्रास्ट्रक्चर का दर्जा देने से भारत में बड़े जहाजों के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। हम सभी जानते हैं कि शिप बिल्डिंग निर्माण सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। वहीं, देश में पर्यटन विकास की बहुत संभावनाएं हैं। इसलिए पहली बार होटलों को इंफ्रास्ट्रक्चर के दायरे में लाकर 50 महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर होटल बनाए जाएंगे। इससे आतिथ्य क्षेत्र को ऊर्जा मिलेगी, जो रोजगार का बहुत बड़ा क्षेत्र है।

वहीं, इस बजट में एक करोड़ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए 'ज्ञान भारत मिशन' शुरू किया गया है। इसके तहत भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रेरित एक राष्ट्रीय डिजिटल रिपोजिटरी बनाई जाएगी, यानी तकनीक का भरपूर उपयोग किया जाएगा। वहीं, इस बजट में किसानों के लिए की गई घोषणा कृषि क्षेत्र और पूरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में एक नई क्रांति का आधार बनेगी। किसान क्रेडिट कार्ड' की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जाएगी, जिससे उन्हें और मदद मिलेगी। बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 फरवरी, 2025, दिन शनिवार को संसद में बजट पेश किया, जो उनका लगातार 8वां बजट था। यह बजट आर्थिक सर्वेक्षण के अनुरूप रहा। क्योंकि उन्होंने मिडिल क्लास को राहत देते हुए न्यू टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख रुपये सालाना तक की इनकम को आयकर के दायरे से बाहर रखने का ऐलान किया। इससे नौकरीपेशा वर्ग के करोड़ों लोगों को फायदा होगा। वहीं, उन्होंने किसान और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। हम दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। स्वास्थ्य और रोजगार पर हमारा खास ध्यान है। युवाओं को रोजगार देना सरकार की प्राथमिकता है। इस बजट में प्रस्तावित विकास उपाय 10 व्यापक क्षेत्रों में हैं, जिनमें गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ रही है। पिछले 10 सालों के हमारे विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने दुनियाभर का ध्यान आकर्षित किया है। इस दौरान भारत की क्षमता को लेकर विश्वास बढ़ा है। इसी कड़ी में अब बिहार में मखाना बोर्ड का गठन किया जाएगा। मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन को बेहतर बनाने के लिए मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी। इस कार्य में लगे लोगों को एफपीओ के रूप में संगठित किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा, स्टार्टअप के लिए लोन गारंटी शुल्क कम करेंगे। एमएसएमई के लिए लोन 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से 5 लाख की गई है। डेयरी और फिशरी के लिए अब पांच लाख तक का लोन दिया जाएगा। इससे इस वर्ष का बजट मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने, एमएसएमई को समर्थन देने, रोजगार आधारित विकास को सक्षम करने, लोगों की अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश करने, ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित करने पर केंद्रित है। यह बजट सरकार की राजस्व और व्यय रणनीति के लिए एक सामान्य रोड मैप प्रदान करता है। बजट 2025 युवाओं, महिलाओं और किसानों पर केंद्रित है।

वित्त मंत्री ने उल्लेख किया कि यह बजट सरकारी प्रयासों को जारी रखता है- विकास में तेजी लाने के लिए, सुरक्षित समावेशी विकास के लिए, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए, घरेलू भावनाओं को ऊपर उठाने के लिए, भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाने के लिए। आम बजट में जिन विषयों पर फोकस किया गया, उनमें मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाना, एमएसएमई को समर्थन रोजगार आधारित विकास को सक्षम बनाना प्रमुख हैं।

वहीं, लोगों की अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश करना, ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित करना और निर्यात का समर्थन करना भी शामिल हैं। इस बजट में नवप्रवर्तन का पोषण व पीएम धन्य-धान योजना की घोषणा की गई है। वहीं, स्टार्टअप की सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ की गई। इस बजट में 5 नए परमाणु रियक्टर बनाने की घोषणा क्रांतिकारी कदम है। वहीं, मुद्रा योजना में होम स्टे के लिए योजना, सभी वित्तीय और गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को 10% से बढ़ाकर 12.5% कर दिये जाने का सबको लाभ मिलेगा।

वहीं, कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों पर पूंजीगत लाभ पर छूट की सीमा बढ़ाकर ?1.25 लाख प्रति वर्ष कर दी गई। जबकि कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों पर अल्पकालिक पूंजीगत लाभ कर को 15% से बढ़ाकर 20% कर दिया गया। वहीं, वायदा और विकल्प पर प्रतिभूति लेनदेन कर बढ़ा दिया गया। इसके अलावा, पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक योजना की घोषणा की गई। जिसकी हर कोई सराहना कर रहा है।

इस बजट में प्रत्येक प्रशिक्षु को 12 महीनों के लिए वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल से परिचित कराया जाएगा और उन्हें रु5,000 का भत्ता और रु6,000 की एकमुश्त सहायता मिलेगी। वहीं, श्रमिकों, महिलाओं और निम्न आय वर्ग के लिए किफायती आवास यानी सरकार ने लोगों के सिर पर छत सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाओं की घोषणा की है। वहीं, औद्योगिक श्रमिकों के लिए, व्यवहार्यता अंतर निधि और प्रमुख उद्योगों की प्रतिबद्धता के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से छात्रावास-प्रकार के आवास के साथ किराये के आवास की सुविधा दी जाएगी।

कार्यबल में अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, उद्योग के सहयोग से कामकाजी महिलाओं के छात्रावास स्थापित किए जाएंगे। सरकार क्षेत्रीय और मंत्रिस्तरीय लक्ष्यों के साथ निर्यात सहायता मिशन शुरू करेगी। मिशन को वाणिज्य, एमएसएमई और वित्त मंत्रालय संयुक्त रूप से संचालित करेंगे। निर्यात सहायता मिशन विदेशी बाजारों में गैर-टैरिफ उपायों से निपटने के लिए निर्यात ऋण, सीमा पार फैक्टरिंग समर्थन और एमएसएमई को समर्थन तक आसान पहुंच की सुविधा प्रदान करेगा।

# जलवायु परिवर्तन से बच्चों का जीवन संकट में

**जलवायु परिवर्तन से बच्चों की शिक्षा ही नहीं, बल्कि अन्य कई तरह के प्रभाव पड़ते हैं। जलवायु परिवर्तन से बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, और शिक्षा प्रभावित होती है। विशेषत: गर्मी से होने वाली बीमारियां और मौतों का खतरा बढ़ता है और हैजा, मलेरिया, डेंगू, और जीका जैसी बीमारियां खतरनाक तरीके से जीवन को घेरती है**

**-ललित गर्ग**

**संयुक्त** राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट लर्निंग इंटरप्टेड रू ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024 में चौंकाने वाले तथ्यों एवं खुलासे ने बच्चों को लेकर चिन्ता को बढ़ा दिया है। अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आते रहे हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन का बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य विषयक ऐसा संवेदनशील अध्ययन पहली बार सामने आया है, जिसने जहां नीति-निर्माताओं और शिक्षाविदों को चिन्ता में डाला है वहीं अभिभावकों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। सरकार पर भी दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले घातक असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां बनाये एवं उन्हें तत्परता से लागू करें। इस रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष सिर्फ भारत में लगभग पांच करोड़ छात्र लू एवं अत्यधिक गर्मी के कारण प्रभावित हुए। जलवायु परिवर्तन सिर्फ हमारे पर्यावरण पर ही असर नहीं डाल रहा है बल्कि बच्चों की शिक्षा पर भी गहरा और खतरनाक असर डाल रहा है। ओस्लो विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान की पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ केटलिन एम प्रेंटिस और उनके सहयोगियों ने इस बारे में विस्तृत अध्ययन किया है। नेचर क्लाइमेट चेंज पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार दक्षिण एशिया, खासकर भारत, बांग्लादेश और कंबोडिया जैसे देशों में अप्रैल महीने में गरम हवा की लहरों (हीटवेव) ने शिक्षा व्यवस्था को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया।

जलवायु परिवर्तन के लिहाज से भारत को बेहद संवेदनशील देश करार दिया गया। वर्ष 2024 में दुनिया के 85 देशों में 24.2 करोड़ बच्चों की पढ़ाई चरम मौसम के कारण बाधित हुई। इसका अर्थ यह है कि वर्ष 2024 में दुनिया भर के स्कूल जाने वाले हर सात बच्चों में से एक बच्चा मौसमी बाधाओं के कारण कभी न कभी स्कूल नहीं जा सका। शोध के अनुसार बढ़ती गर्मी एवं गर्म दिनों की अधिक संख्या ने न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को बल्कि परीक्षा परिणामों को खराब किया। मौसमी बाधाओं का असर बच्चों की शिक्षा पर लंबे समय तक रहता है। यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में चेताया है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन ऐसे ही जारी रहा, तो वर्ष 2050 तक बच्चों के गरम हवाओं के संपर्क में आने की संभावना आठ गुनी बढ़ जाएगी। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा एवं विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम जलवायु परिवर्तन से जुड़े बच्चों के संकट से निपट सकेंगे अन्यथा यह विश्व के बच्चों के प्रति बड़ा अपराध होगा, उनके विनाश का कारण बनेगा।

ग्लोबल वार्मिंग के खतरों ने दुनिया को चिन्ता में डाला है, इसने भारतीय जनजीवन, पर्यावरण, जीवजंतु, एवं कृषि के दरवाजे पर ऐसी दस्तक दी है, जो न केवल चिन्ताजनक है बल्कि अनेक खतरों की टंकार है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, पीने के शुद्ध पानी के स्रोत सूखने लगे है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। गत वर्ष भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी थी कि वर्ष 2024 में भारत में गर्मी के सारे पुराने रिकॉर्ड टूट गये थे। यह वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म साल के तौर पर दर्ज हुआ था। यूनिसेफ ने स्पष्ट किया है कि जलवायु संकट न केवल बच्चों की शिक्षा, बल्कि उनके पूरे भविष्य को खतरे में डाल रहा है। यदि इस संकट से निपटने के लिए तत्काल प्रभावी एवं जरूरी कदम नहीं उठाये गये, तो इसके बुरे असर को लंबे समय तक महसूस किया जाएगा और नयी पीढ़ी का जीवन अनेक खतरों से घिर जायेगा। अब जरूरी हो गया है कि सरकार शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए ठोस रणनीतियां बनाने को आगे आये।

जलवायु परिवर्तन से बच्चों की शिक्षा ही नहीं, बल्कि अन्य कई तरह के प्रभाव पड़ते हैं। जलवायु परिवर्तन से बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, और शिक्षा प्रभावित होती है। विशेषतः गर्मी से होने वाली बीमारियां और मौतों का खतरा बढ़ता है और हैजा, मलेरिया, डेंगू, और जीका जैसी बीमारियां खतरनाक तरीके से जीवन को घेरती है। गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से जन्म के समय कम वजन के बच्चे पैदा होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। पर्यावरण विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने का खतरा बढ़ता है। अत्यधिक गर्मी की वजह से होने वाली आपदाओं में मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है और अवसाद, चिंता, नींद संबंधी विकार और सीखने की कठिनाइयां उग्रतर हो जाती है। इन्हीं सब कारणों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है एवं परीक्षा परिणाम अपेक्षानुसार नहीं आ पाते हैं। बच्चे वयस्कों की तुलना में जलवायु और पर्यावरणीय झटकों के प्रति शारीरिक और शारीरिक रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं। वे बाढ़, सूखा, तूफान और गर्मी जैसी चरम मौसम की मार झेलने और उससे बचने में कम सक्षम होते हैं। बच्चों को जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक खामियाजा उठाना पड़ता हैं क्योंकि यह उनके अस्तित्व, संरक्षण, विकास और भागीदारी के मौलिक अधिकारों को प्रभावित करता है।

बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के अन्य संभावित प्रभाव पड़ते हैं, जैसे- अनाथ, तस्करी, बाल श्रम, शिक्षा और विकास के अवसरों की हानि, परिवार से अलग होना, बेघर होना, भीख मांगना, आघात, भावनात्मक व्यवधान, बीमारियाँ आदि हैं। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को नियंत्रित करना सबसे बड़ी चुनौती है। चिन्ताजनक तथ्य यह भी है कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाहपूर्ण रवैया भी विडम्बनापूर्ण है। दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या जितनी गंभीर होती जा रही है, इससे निपटने के गंभीर प्रयासों का उतना ही अभाव महसूस हो रहा है। जलवायु परिवर्तन से पिछले एक साल में दुनिया में हालात ज्यादा गंभीर हुए है, बिगड़े हैं। दरअसल कार्बन उत्सर्जन घटाने एवं जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर अमीर देशों ने जैसा रुख अपनाया हुआ है, वह इस संकट को गहराने वाला है। जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। अभी भी नहीं चेते तो यह समस्या हर देश, हर घर एवं हर व्यक्ति के जीवन पर अंधेरा बनकर सामने आयेगी। विशेषतः बच्चों के बचपन पर इससे गहरे धुंधलके छाने वाले हैं। वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी के बच्चों को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पाएगा।

जलवायु परिवर्तन के बढ़ते घातक परिणाम को नियंत्रित करने के लिये भारत सरकार को जागना होगा एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे। विशेषतः अनुकूलित और संवेदनशील सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों का मापन करना जैसे- गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिये अनुदान प्रदान करना, बच्चों और उनके परिवारों पर जलवायु परिवर्तन द्वारा पड़ने वाले प्रभावों की पहचान करना है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से पीड़ित देशों को बाल अधिकारों पर सम्मेलन में अपनी प्रतिबद्धता बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि प्रत्येक बच्चे को गरीबी से संरक्षित किया जा सके, उदाहरण के लिये बच्चों के जीवन को बेहतर और लचीलापन बनाने के लिये सार्वभौमिक बाल लाभयोजनाओ को क्रियान्वित करना होगा। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति-नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है।

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# सूडान में अर्धसैनिक समूह ने बाजार में हमला किया, 54 लोग मारे गये

**(एजेन्सी)।**

**काहिरा।** सूडान की सेना के खिलाफ लड़ने वाले एक अर्धसैनिक समूह ने ओमडुरमैन शहर में एक बाजार में हमला किया जिसमें 54 लोग मारे गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शनिवार को सबरीन मार्केट में रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए हमले में कम से कम 158 अन्य लोग घायल हो गए। आरएसएफ की ओर से इस संबंध में तत्काल कोई टिप्पणी सामने नहीं आई है। संस्कृति मंत्री एवं सरकार के प्रवक्ता खालिद अल-अलीसिर ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि हताहत हुए लोगों में कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि हमले से निजी और सार्वजनिक संपत्तियों को व्यापक रूप से नुकसान पहुंचा है। सूडान के डॉक्टर्स सिंडिकेट ने आरएसएफ के हमले की निंदा की। इसने कहा कि एक गोला अल-नव अस्पताल से कुछ मीटर की दूरी पर गिरा, जहां बाजार में सबसे ज्यादा लोग हताहत हुए। इसने कहा कि अस्पताल में लाए गए ज्यादातर शव महिलाओं और बच्चों के है। साथ ही इसने कहा कि अस्पताल में चिकित्सा दलों, विशेषकर सर्जन और नर्सों की भारी कमी है।

सूडान में संघर्ष अप्रैल, 2023 में शुरू हुआ था जब सेना और आरएसएफ के सदस्यों के बीच तनाव राजधानी खार्तूम और विशाल पूर्वोत्तर अफ्रीकी देश के अन्य शहरों में लड़ाई में बदल गया था। पिछले सप्ताह, दारफुर के पश्चिमी क्षेत्र शहर एल फशेर के एकमात्र अस्पताल पर आरएसएफ के हमले में लगभग 70 लोग मारे गए थे। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने कहा कि वह कथित युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच कर रहा है और बाइडन प्रशासन ने आरएसएफ और उसके समर्थकों पर युद्ध में नरसंहार करने का आरोप लगाया है।

# मित्र होने का दिखावा करने वाले शत्रुओं को हराएंगे: पाकिस्तानी सेना प्रमुख

**(एजेन्सी)।**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कहा कि देश को निशाना बनाने वाले एवं विदेशी आकाओं के इशारे पर आतंकवादी गतिविधियां करने वाले उन लोगों को मार गिराया जाएगा जो मित्र के वेश में शत्रु हैं। मुनीर ने बलूचिस्तान के कलात जिले में उग्रवादियों के साथ संघर्ष के दौरान 18 सैनिकों के मारे जाने के बाद क्वेटा का दौरा किया। इस संघर्ष में 23 उग्रवादी भी मारे गए। सेना ने एक बयान में कहा कि इस दौरे में मुनीर को बलूचिस्तान में सुरक्षा संबंधी मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

मुनीर ने कहा, जो लोग अपने विदेशी आकाओं के इशारे पर आतंकवादी प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहे हैं, जिन्होंने शिकारी कुत्ते के साथ शिकार करने और खरगोश के साथ दौड़ने का दोगलापन दिखाने की कला में महारत हासिल कर ली है, उन्हें हम अच्छी तरह से जानते हैं।

उन्होंने कहा, मित्र होने का दिखावा करने वाले शत्रु चाहे कुछ भी कर लें, हमारा गौरवशाली राष्ट्र और इसके सशस्त्र बल आपको निश्चित रूप से पराजित करेंगे। जब भी आवश्यकता होगी, हम अपनी मातृभूमि और इसके लोगों की रक्षा के लिए निश्चित रूप से जवाबी कार्रवाई करेंगे और आप कहीं भी होंगे, आपको ढूंढ़ निकालेंगे। पाकिस्तान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलूच राष्ट्रवादियों के नेतृत्व वाले दोहरे उग्रवाद से जूझ रहा है।

# विनिर्माण मिशन के तहत गठित समिति मुद्दों पर विस्तार से विचार करेगी: वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

**(एजेन्सी)।**

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन के तहत एक समिति गठित की जाएगी जो कारोबार की लागत में कटौती, भविष्य के लिए तैयार कार्यबल तैयार करने तथा मेक इन इंडिया पहल को और बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी की उपलब्धता जैसे मुद्दों पर विस्तृत जानकारी जुटाएगी। समिति में केंद्र, राज्य और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हो सकते हैं। यह समिति उन प्रमुख ध्यान वाले क्षेत्रों की पहचान करेगी, जो भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और जहां घरेलू और विदेशी, दोनों बाजारों में मांग है। समिति भविष्य की रूपरेखा को लेकर भी सिफारिशें पेश करेगी।

गोयल ने पीटीआई-से कहा, मिशन के तहत एक समिति गठित की जाएगी जो विस्तार से सभी मुद्दों की जांच करेगी, जैसे कि केंद्र और राज्यों की भूमिका। इसमें विभिन्न मंत्रालय, निजी क्षेत्र से लोग भी शामिल होंगे और वे उन क्षेत्रों के बारे में जानकारी देंगे जिनके पास भारत में बहुत अधिक प्रतिस्पर्धी लाभ हैं और जिनमें निर्यात की संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय मंत्रालयों और राज्यों के लिए नीतिगत समर्थन, कार्यान्वयन खाका, शासन और निगरानी ढांचा प्रदान करके मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने के लिए छोटे, मझोले और बड़े उद्योगों को शामिल करने वाले मिशन की घोषणा की है। मिशन के तहत पांच मुख्य ध्यान वाले क्षेत्र आएंगे। इनमें कारोबारी सुगमता और लागत; मांग वाली नौकरियों के क्षेत्र में भविष्य के लिए तैयार कार्यबल; एक जीवंत और गतिशील एमएसएमई क्षेत्र; प्रौद्योगिकी की उपलब्धता; और गुणवत्ता वाले उत्पाद। गोयल ने कहा, हम इसके शीघ्र कार्यान्वयन के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के लिए घोषित कदमों से डीप टेक और छोटे शहरों में स्टार्टअप इकाइयों के उद्यमियों को मदद मिलेगी। गोयल ने कहा, हम इन स्टार्टअप पर अपना ध्यान बढ़ाएंगे। देश के विनिर्माण क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 16-17 प्रतिशत योगदान है और सरकार इस हिस्सेदारी को बढ़ाने पर विचार कर रही है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, त्योहारी मांग बढ़ने और विनिर्माण क्षेत्र में तेजी के कारण नवंबर, 2024 में भारत के औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर छह महीने के उच्चस्तर 5.2 प्रतिशत पर पहुंच गई।

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब जीता

**(एजेन्सी)।**

**कुआलालंपुर।** भारत ने रविवार को यहां फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब जीता। दक्षिण अफ्रीका के 83 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 52 गेंद शेष रहते 11.2 ओवर में एक विकेट पर 84 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। गोंगाडी त्रिशा 33 गेंद में नाबाद 44 रन बनाकर भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं। सानिका चाल्के ने भी 22 गेंद में नाबाद 26 रन की पारी खेली। इससे पहले त्रिशा (15 रन पर तीन विकेट) की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 82 रन पर सिमट गई। पारुनिका सिसोदिया (छह रन पर दो विकेट), आयुषी शुक्ला (नौ रन पर दो विकेट) और वैष्णवी शर्मा (23 रन पर दो विकेट) ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट चटकाए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और उसकी तरफ से माइकी वान वूर्स्ट (23) शीर्ष स्कोरर रहीं। टीम की सिर्फ चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच पाईं जबकि चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाईं। भारत ने 2023 में फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर पहले आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब भी जीता था।

# सोनम कपूर ने फैशन शो में दिवंगत डिजाइनर रोहित बल को श्रद्धांजलि दी

**(एजेन्सी)। एक** फैशन शो में डिजाइनर रोहित बल के डिजाइन किए परिधान में रैंप पर उतरीं अभिनेत्री सोनम कपूर दिवंगत डिजाइनर को श्रद्धांजलि देते हुए भावुक हो गईं। बल का हाल ही में निधन हो गया था। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के मुताबिक, शनिवार को गुरुग्राम में आयोजित ब्लेंडर्स प्राइड एक्स एफडीसीआई फैशन टूर 2025 में डिजाइनर के परिधानों में से एक को पेश करते समय अभिनेत्री भावुक हो गईं। जा सकता है कि शनिवार को गुरुग्राम में आयोजित ब्लेंडर्स प्राइड एक्स एफडीसीआई फैशन टूर 2025 में डिजाइनर के परिधानों में से एक को पेश करते समय अभिनेत्री भावुक हो गईं। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, ब्लेंडर्स प्राइड एक्स एफडीसीआई फैशन टूर में दिग्गज रोहित बल को श्रद्धांजलि देने के लिए रैंप पर चलना सम्मान की बात है। उनकी कलात्मकता, दूरदर्शिता और विरासत ने भारतीय फैशन को कई तरह से समृद्ध किया है। कपूर ने कहा, उनकी याद में रनवे (रैंप) पर कदम रखना भावनात्मक और प्रेरणादायक दोनों था-एक ऐसे बेमिसाल डिजाइनर को याद करना जो एक आदर्श था और हमेशा रहेगा। भारत के सबसे मशहूर फैशन डिजाइनर में से एक बल का दो नवंबर, 2024 को दक्षिण दिल्ली के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे।

# अधिकारियों ने घाट का किया दौरा, नाविको पर हुई कार्यवाई

## गंगा में नाव हादसे के बाद प्रशासन की सख्तीः 13 नाविकों को भेजा जेल



**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** वाराणसी के गंगा नदी में एक बड़ी नाव के साथ छोटी नाव के टकराने की घटना के बाद प्रशासन ने सख्ती से कार्रवाई शुरू कर दी गई है, अस्सी घाट से नमो घाट के बीच ड्रोन से निगरानी की जा रही है। नाविक और नाव मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए, सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में 13 नाविकों को जेल भेज दिया।

एडीसीपी सरवणन टी ने बताया है कि निदेर्शों के नहीं मानने पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में, जल पुलिस प्रभारी सधुवन राम गौतम ने बताया कि नाविक राजा साहनी गंगा में अत्यधिक खतरनाक तरीके से नाव चला रहा था, जिसमें क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। इस नाव को दशाश्वमेध घाट पर रोककर सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया। दूसरी ओर, इस कार्रवाई को लेकर मांझी समाज में आक्रोश व्याप्त है। समाज के लोगों का कहना है कि पुलिस ने बिना जांच के कार्रवाई की है, जो अन्यायपूर्ण है। नाविक समाज के प्रमोद मांझी ने बताया कि जिस दिन हादसा हुआ था, उस दिन मांझियों ने तत्परता से लोगों को बचाया था। लेकिन अब प्रशासन, मांझी समाज पर ही मनमाना आदेश निर्देश जारी कर रहा है, और सरकारी क्रूज का संचालन सुनिश्चित कराने के लिए उनके नावों पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। मांझी समाज के शंभु साहनी ने कहा पुलिस प्रशासन द्वारा 5 बजे नौका संचालन बंद करने का आदेश दिया गया है हम उसे स्वीकार करते हैं लेकिन हमारी एक शर्त है। उन्होंने कहा कि अगर हमारी नाव बंद हो रही है तो क्रूज का भी संचालन बंद होना चाहिए।

# अकबरनगर राइडर्स ने कप पर जमाया कब्जा



**एसबी संवाददाता**

**अकबरनगर।** नगर पंचायत अकबरनगर के मैदान पर चल रहे अकबरनगर प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में अकबरनगर राइडर्स की टीम ने जीत दर्ज कर कप पर कब्जा कर लिया। प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला अकबरनगर राइडर्स बनाम अकबरनगर चैलेंजर्स के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले में अकबरनगर चैलेंजर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चैलेंजर्स की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 164 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकबरनगर राइडर्स की टीम ने 14.5 ओवर में पांच विकेट खोकर 165 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर अकबरनगर प्रीमियर लीग के खिताब पर अपना कब्जा जमा लिया। लक्ष्य का पीछा करने में अकबरनगर राइडर्स के कप्तान मृत्युंजय कुमार ने अर्धशतक लगा कर अपने टीम के जीत में अहम योगदान दिया। गेंदबाजी एवं बल्लेबाजी से बेहतर प्रदर्शन कर अपने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने के लिए आयोजन समिति ने मृत्युंजय कुमार को फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार एवं टूर्नामेंट में एक शतक के साथ सर्वाधिक रन बनाने के लिए मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार से सम्मानित किया। इससे पहले फाइनल मुकाबला का उद्घाटन नगर पंचायत अकबरनगर अध्यक्ष किरण देवी, उपाध्यक्ष अनिल यादव, वार्ड पार्षद पूनम देवी, गणेश साह आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।वही विजेता टीम को संयुक्त रूप से ट्रॉफी भी प्रदान किया।

# सरस्वती पूजा को लेकर सारी तैयारी पूरी, आज विभिन्न पूजा पंडालों में विराजेगी मां सरस्वती



**एसबी संवाददाता**

**अकबरनगर।** अकबरनगर, बसंतपुर, खेरैहिया, हरियो, मकंद पुर, इंग्लिश चिचरौंन आदि क्षेत्रों में सोमवार को यानी आज भव्य रूप से विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर सच्ची निष्ठा भाव से पूजा आराधना की जायेगी। जिसको लेकर सारी तैयारी रविवार देर रात तक पूरा कर प्रतिमा स्थापित कर दिया गया। पूजा को लेकर पंडाल निर्माण व साज-सज्जा के कार्य भी पूर्ण हो गये हैं। युवा वर्ग के लोग एवं विद्यार्थी वर्ग के द्वारा पूजा सामग्री की खरीदारी भी लगभग रविवार देर शाम तक पूरी कर ली गयी। उत्सव को लेकर पूरा क्षेत्र मां की भक्ति में सराबोर हो रहा है। रविवार को दिनभर विभिन्न पूजा समितियों के साथ-साथ विद्यार्थियों द्वारा सड़कों पर अपने-अपने पंडालों की ओर प्रतिमा ले जाते देखा गया।

इधर सरस्वती पूजा को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल रही। विभिन्न साज-सज्जा के दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी गयी। वही प्रसाद सामग्री को लेकर भी खरीदारों की काफी भीड़ देखी गयी। अकबरनगर तथा आसपास के सैकड़ों जगहों पर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जा रही है।

# प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में खानपुर थाना के निवर्तमान अपर थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार को स्थानांतरण होने पर विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

## निःस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले अपर थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार को मिला है सम्मान-जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह





**संजना भारती संवाददाता/अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर थाना में पदस्थापित अपर थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार को पुलिस अधीक्षक महोदय अशोक मिश्रा ने हथौड़ी थाना में थानाध्यक्ष के पद पर पदस्थापित किया। खानपुर थाना से स्थानांतरण होने पर थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजीवियो सहित गणमान्य लोगों ने खानपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में अपर थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार का विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार चंद्रा ने किया जबकि संचालन डॉक्टर लाल बाबू ने किया। कार्यक्रम में आये आगंतुक अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार व उनके स्थान पर नवपदस्थापित अपर थानाध्यक्ष पुलिस चौधरी को मिथिला की परंपरा के अनुसार पाग, चादर, पुष्पगुच्छ, माला व डायरी देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खानपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राणा नितेश कुमार सिंह ने अपर थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार के व्यक्तित्व व उनके कृतित्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। वहीं उनके स्थान पर नव पदस्थापित अपर थानाध्यक्ष पुलिस चौधरी का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दिया।

वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह ने कहा कि निःस्वार्थ भाव से सेवा करने वालों को हमेशा सम्मान मिलता है। उन्होंने थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि चौमुखी व्यक्तित्व के धनी थे जो सभी को उचित सम्मान देते हुए थाना क्षेत्र में शांति व सद्भभाव बनाए रखा। उन्होंने इनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं ईश्वर से की। वहीं खानपुर थाना में नवपदस्थापित अपर थानाध्यक्ष पुलिस चौधरी को इसी प्रकार कार्य करने की नसीहत देते हुए शुभकामनाएं दी।

वही कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार चंद्रा ने कहा निवर्तमान अपर थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार, कर्मठ और नेक दिल इंसान थे। जो किसी भी कार्य को तत्परता के साथ किया करते थे। उन्होंने विगत लोक सभा चुनाव और पैक्स चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि इनके सफल नेतृत्व में दोनों चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से हिम्मत के साथ कदम में कदम मिलाकर सम्पन्न कराने में सफल रहे। इसके लिये में बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ। आगे भी इसी तरह कार्य करते रहे। वही अंचलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में कई विकासात्मक कार्यों में अपर थानाध्यक्ष के रूप में नरेंद्र कुमार की योगदान प्रशंसनीय है। उन्होंने जीवन में उच्चतम शिखर तक पहुंचने की शुभकामनाएं दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नव पदस्थापित अपर थानाध्यक्ष पुलिस चौधरी ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता होगी थाना क्षेत्र में अपराध मुक्त, शराब मुक्त और नारकोटिक ड्रग्स मुक्त समाज निर्माण करना। इसके लिए मुझे जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों की सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने आगे यह भी कहा की कोई भी अपराधी बक्सा नहीं जायेगा और किसी निर्दोष को परेशान भी नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अपराधियों व शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसा जायेगा। ताकि थाना क्षेत्र में शांति, सद्भाव और अमन चैन बहाल हो सके। यही मेरा पहली प्राथमिकता होगी। वही वर्तमान अपर थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार के विदाई सह सम्मान समारोह के मौके पर राजस्व अधिकारी ऋषि कुमार, डॉक्टर शिव प्रकाश पंडित, बी पीआरओ संजीव कुमार, पत्रकार विजय गुप्ता, पत्रकार जीवेश मिश्रा, पत्रकार दिलीप कुमार ठाकुर, पत्रकार आशीष कुमार,112 के प्रभारी पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, 112 के एसआई फिरोज आलम, एसआई पूनम कुमारी, एसआई सुबोध कुमार, एएसआई अनिल कुमार, एएसआई अजय कुमार दुवे, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय, प्रगतिशील समाजसेवी राकेश कुमार झा, पिंटू कुमार सिंह, खानपुर उत्तरी के मुखिया अरुण कुमार सिंह, भोरे जय राम मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, प्रधान सहायक धर्मवीर कुमार, सोनू कुमार, आवास पर्यवेक्षक गोरेलाल कुमार, आई टी सहायक रूपक कुमार, अंचल नजीर महबूब अलम, सुधा डेयरी से रंजन कुमार महतो, प्रियंका कुमारी, बिरजू महतो सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक, पदाधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विनायक चेंबर के प्रथम वर्षगांठ पर अधिवक्ताओं का हुआ सम्मान



**एसबी संवाददाता**

**चन्दौली।** रविवार को पड़ाव स्थित विनायक चेंबर के प्रथम वर्षगांठ पर अधिवक्ताओं के सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य विनोद पांडेय मुख्य अतिथि थे, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में दी बनारस बार एसोसिएशन के महामंत्री शशांक कुमार श्रीवास्तव थे।

विनायक चेंबर के संस्थापक अधिवक्ता विशाल सेठ और सह-संस्थापक श्रवण पासवान ने मुख्य अतिथि विनोद पांडेय और अति विशिष्ट अतिथि शशांक श्रीवास्तव को मोमेंट, माला और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता आचार्य पं राजेन्द्र त्रिवेदी ने किया तथा संचालन गौतम कुमार झा ने किया। इस अवसर पर सेन्ट्रल बार के उपाध्यक्ष दीपक राय कान्हा, बनारस बार के उपाध्यक्ष राघवेन्द्र दूबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजीव पटेल, प्रेमचंद पासवान, रजत सेठ, विशाल गुप्ता, आकाश यादव, अमित सेठ, माइकल मसीह, राहुल द्विवेदी, शशि शर्मा, नदीम अहमद, नियाज, सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित थे।

# पैप्सी प्लांट के जीएम मनोज द्विवेदी हुए सम्मानित



**एसबी संवाददाता**

**मंसूरचक (बेगूसराय)।** वरुण बेवरेज असुरारी पैप्सी प्लांट के जीएम मनोज द्विवेदी को मंसूरचक निवासी प्रगतिशील किसान दीपक कुमार राय ने गाय के गोबर से निर्मित पेंट देकर जीएम को सम्मानित किया। वहीं दीपक ने कहा कि गाय के गोबर का पेंट का कंपनी मंसूरचक प्रखंड में अवस्थित है। श्री चौधरी ने कहा कि यह प्लांट खादी इंडिया द्वारा एंप्लायमेंट जेनरेशन प्रोग्राम के तहत चलाया जा रहा है। गाय के गोबर से निर्मित यह पेंट गर्मियों के मौसम में घर के अंदर के टेम्परेचर कम करता है। यह पेंट बहुत ही फायदेमंद है। वहीं 17 अन्य केमिकल के सहायता से तैयार की जाती है। जो की काफी टिकाऊ है। बाजार बाले पेंट से कम रेट पर मिलती है। जीएम मनोज द्विवेदी ने इस मुहिम की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लोगों के लिए यह पेंट काफी महत्वपूर्ण होगा। मौके पर गौरव मिश्रा, शिवशंकर झा, किशन कुमार, अरुण कुमार, यदुनंदन, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में कारगर हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना : उपायुक्त

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की हुई है। योजना के तहत 18 से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि 18 से 60 वर्ष की आयु की जिन महिलाओं की पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो और वे पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं हो, इस योजना के तहत आवेदन कर सकती हैं। महिला को हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या, 25/08 दिनांक 31.01.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उ.म.रे., प्रयागराज (आई.एस.ओ.: 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 6324RC02B | दिस इस टेन्डर टू इंटर इंटू रेट कान्ट्रैक्ट फॉर मैन्युफैक्चर एण्ड सप्लाइ ऑफ फिटिंग्स फॉर थिक वेब स्विचेस | 1213 सेट | 24-FEB-25 |
| 2. | 38241580ए | बोगी सेंटर पिवेट टॉप | 2151 नग | 20.02.2025 |
| 3. | 38243086 | होरिजेन्टल वियर लाईनर फॉर सेंटर पिवेट बॉटम | 8287 नग | 10.03.2025 |
| 4. | 20245033 | सस्पेंशन ट्यूब बेयरिंग फॉर डब्ल्यू ए जी-9/डब्ल्यू ए पी - 7 लोको | 48 सेट | 25.02.2025 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा **211/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# दिव्यांग क्रिकेट में विश्व फतह के भारतीय सितारे

# श्रीलंका के कोलंबो में भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के रणबांकुरों ने दी इंग्लैंड टीम को करारी शिकस्त



**राकेश कुमार गुप्ता/डॉक्टर गणेश दत्त पाठक**

**श्रीलंका** के कोलंबो में भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम ने विगत दिवस इतिहास रचा है। इंटरनेशनल पीडी चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड की टीम को करारी शिकस्त देकर विश्व खिताब पर कब्जा जमाया। इस सफलता में एक लंबी सुनियोजित और सुव्यवस्थित रणनीति की भूमिका है। दिव्यांग खिलाड़ियों के हौंसले और जुनून की भागीदारी है तो टीम प्रबंधन का समर्पित प्रयास भी एक महत्वपूर्ण आयाम है। डीसी सीआई महासचिव रविकांत चौहान के शानदार नेतृत्व की भी बड़ी भूमिका है।

भारतीय राष्ट्रीय दिव्यांग टीम के खिलाड़ियों के चयन के लिए कई टूनार्मेंट आयोजित किए गए। सबसे पहले राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन उदयपुर में अक्टूबर में किया गया और विभिन्न प्रांतों की टीम में से 54 दिव्यांग खिलाड़ियों का चयन किया गया। फिर दिसंबर में जयपुर में चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन किया गया और 54 में से 17 दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन किया गया। इन खिलाड़ियों ने कोलंबो की पी डी चैंपियन ट्रॉफी में इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका की टीम को पराजित किया।

इन विभिन्न टूनार्मेंटों के सफल आयोजन में डीसीसीआई महासचिव रविकांत चौहान के कुशल और शानदार प्रबंधन की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने संसाधनों और फिटनेस आदि के प्रबंधन में किसी चीज की कमी नहीं रहने दी। साथ ही कोलंबो में पी डी चैंपियन ट्रॉफी के दौरान प्रारंभिक मुकाबले में इंग्लैंड टीम से शिकस्त खाने के बाद जब भारतीय टीम हताश हो गई थी तो उन्होंने अपने प्रेरणा द्वारा भारतीय दिव्यांग टीम के जुनून और हौंसले को ऊर्जा दिया और हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने इतिहास रच दिया। डीसीसीआई महासचिव रविकांत चौहान ने जैसे रावण की लंका को हनुमान ने जलाया था, वैसे ही भारतीय दिव्यांग खिलाड़ियों को ऊर्जस्वित, प्रेरित कर कोलंबो फतह की पृष्ठभूमि तैयार की। कोलंबो में पीडी चैंपियन ट्रॉफी के दौरान कुछ भारतीयों दिव्यांग खिलाड़ियों ने बेहद शानदार प्रदर्शन किया। मुंबई के विक्रांत केनी ने टीम कप्तान के तौर पर टीम को शानदार नेतृत्व प्रदान किया। पहली बार अंतराष्ट्रीय स्पर्धा में शिरकत कर रहे राजेश कन्नूर ने पहले ही मैच में शतक ठोका। अयोध्या, उत्तरप्रदेश के राधिका प्रसाद के बॉलिंग ने भी कमाल ढाया। मध्यप्रदेश के राजेश भदौरिया ने विकेटकीपिंग में शानदार भूमिका निभाई।हरियाणा के नरेंद्र मांगोरे का हरफनमौला प्रदर्शन भी लाजवाब रहा। जम्मू और कश्मीर के माजिद मार्गे ने मध्यक्रम की बल्लेबाजी को जबरदस्त मजबूती प्रदान किया। टीम प्रबंधन में जहां राजस्थान के रणजी टीम के कप्तान रहे हेड कोच रोहित जलान ने शानदार कमान संभाली वहीं भारतीय टीम में सहायक कोच रहे रवि पाटिल ने भी भारतीय दिव्यांग टीम के प्रबंधन, प्रशिक्षण में सराहनीय भूमिका निभाई। बीसीसीआई नेशनल अकादमी और भारतीय महिला क्रिकेट टीम के ट्रेनर रहे रामस्वरूप सैनी ने टीम के फिजिकल फिटनेस पर समर्पित तरीके से ध्यान रखा। वीडियो एनालिस्ट संकेत खांडेकर ने भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के रणनीति निर्धारण में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने प्रतिस्पर्धी टीम की बारीकियों को परखा और अपनी टीम को मारक रणनीति निर्धारण में बड़ी भूमिका निभाई। फील्डिंग कोच रोहित शर्मा ने प्रशिक्षण द्वारा क्षेत्ररक्षण को मजबूती प्रदान किया। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के फिजियो डॉक्टर मयंक पुष्कर ने बारीकी से खिलाड़ियों पर ध्यान दिया। टीम प्रबंधन में अविनाश शर्मा और धीरज हार्डे की भूमिका बेहद सराहनीय रही।

इस तरह से समन्वित, सुनियोजित, सुव्यवस्थित रणनीति के साथ भारतीय दिव्यांग क्रिकेट रणबांकुरों ने कोलंबो में अंतराष्ट्रीय स्पर्धा में विजय श्री हासिल करके भारत की प्रतिष्ठा के गौरव को बढ़ाया है। साथ ही यह विश्वास भी दिलाया है कि भारतीय दिव्यांग खिलाड़ी अपने हौंसले और जुनून के बल पर भविष्य में भी इतिहास रचते रहेंगे।

# चाय पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान विधायक ने जाने सुझाव व सुनी समस्याएं

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** करनाल के विधायक द्वारा प्रत्येक रविवार को शुरू किए गए चाय पर चर्चा कार्यक्रम में लोगों का जबरदस्त क्रेज है। विधायक जगमोहन आनंद से चाय पर चर्चा के दौरान मिलने के लिए बड़ी संख्या में आमजन नेहरू प्लेस में पहुंचे। इस दौरान विधायक जगमोहन आनंद ने शहर की बेहतरी के लिए आमजन के बीच बैठकर विचार विमर्श किया। उन्होंने जनता से भी सुझाव लिए और उन सुझावों पर सामूहिक विमर्श भी किया। चाय पर चर्चा कार्यक्रम की शुरूआत भजन के साथ हुई। इसके उपरांत विधायक जगमोहन आनंद ने सभी से शहर की बेहतरी के लिए सुझाव देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि चाय पर चर्चा कार्यक्रम किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे शहरवासियों का प्लेटफॉर्म है। कोई भी व्यक्ति यहाँ आकर अपने सुझाव दे सकता है। यदि सुझाव बेहतर होगा तो अवश्य उस पर कार्य किया जाएगा।विधायक जगमोहन आनंद ने आमजन की समस्याएं भी सुनी और मौके पर ही उनका समाधान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें भारी बहुमत से जीत दिलाकर हरियाणा विधानसभा तक पहुंचाया है। मैं जनता का सेवक हूं और उनका प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज हरियाणा विधानसभा में उठाउंगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आज भी करनाल की जनता से विशेष लगाव है। मैं उनके प्रतिनिधि के तौर पर कार्य कर रहा हूं। करनाल की जनता से जुड़ी जरुरी मांगों को तत्काल पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी अपने दौरे के साथ निरंतर करनाल शहर को कोई न कोई योजना की सौगात देकर जाते हैं। शहर में तेज गति से विकास कार्य जारी हैं।

उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का तय सीमा में निवारण ही सरकार की जनता के बीच विश्वसनीयता को बढ़ाता है। वर्तमान सरकार जनता की कसौटी पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**DECLARATION ABOUT CRIMINAL CASES FORMAT C-1**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.53601 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Amr.)

**Name and address of candidate: G Thulaseedharan, - 122, DDA Janta Flat, Pocket-6, Plot No. 4-5, Nasirpur, New Delhi**

**Name of Political party: PEOPLES GREEN PARTY**

**Name of Election: Assembly Election 2025, NCT of Delhi**

**Name of Constituency : AC-33, Dwarka (General)**

**I, G THULASEEDHARAN** a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**A. PENDING CRIMINAL CASES**

| Sl No | Name of Court | Case No and dated | Status of Case (S) | Section(S) of Acts concerned and Brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Judicial Magistrate First Class (Mahila Court-02) Patiala House N.Delhi | 3763/2019 FIR No 109 Dated 07.04.2018 | Prosecution Evidence | 354, 506, 323 |

**B. DETAILS ABOUT CASES OF CONVICTION FOR CRRIMINAL OFFENCES**

| S. No | Name of Court & Date (S) of Order(s) | Description of office (s) & punishment imposed | Maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NO | NO | NO | NO |

# सर छोटूराम ने की किसानों, मजदूरों व वंचितों की आवाज बुलंद: योगेन्द्र राणा

## ■ विधायक ने की रक्तदान शिविर में शिरकत, बढ़ाया रक्तदाताओं का हौसला



विधायक को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित करते ग्रामीण। (छाया: एसबी)

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने हल्के के गांव बल्ला के आर्य समाज मंदिर में किसान मसीहा दीनबंधु सर छोटू राम की 144 वी जयंती व बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत की और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।

विधायक ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं बैज लगाकर सम्मानित किया। छोटू राम जागृति मिशन के सदस्यों ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक योगेन्द्र राणा ने किसानों के मसीहा, रहबर-ए-आजम, दीनबन्धु सर छोटूराम जी को नमन करते हुए कहा कि सर छोटूराम युगपरिवर्तनकारी व क्रांतिकारी नेता के रूप में किसानों, मजदूरों, वंचितों के लिए अपनी आवाज बुलंद करने वाले थे जिनका जीवन हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा।

इस मौके पर उन्होंने रक्त दान के महत्व के बारे कहा कि रक्तदान महादान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्त दान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्लड प्रकृति द्वारा हमे दिया गया सबसे मूल्यवान उपहार है। हम इसके माध्यम से लोगों की कई तरह से मदद कर सकते हैं। काफी कम लोग यह बात जानते हैं कि रक्तदान करने से हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचता बल्कि यह हमे कई तरह से फायदा पहुंचाता है।

इस अवसर पर सुरेश मान, संदीप सिंह, नफे सिंह मान, सुनील कुमार, सतबीर मान, परमजीत मान, एडवोकेट अंकित मान, कर्मचंद सरपंच, ओमप्रकाश मान, सुरेश मान, जोगेंद्र पांचाल, सरपंच जयबीर फौजी सालवन, कंवर पाल राणा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया। श्याम बाबा को पीले वस्त्र पहनाए गए। बसंत पंचमी पर मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सुबह से लेकर शाम तक खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद व बागा वितरित किया गया। इस मौके पर पंडित दीपक पांडे ने वसंत पंचमी के दिन ब्रह्मा जी ने अपने कमंडल से जल छिडककर सरस्वती माता को उत्पन्न किया था,



इसलिए इस तिथि पर घर, मंदिर और सभी शैक्षणिक संस्थानों में मां शारदा की पूजा का भव्य आयोजन किया जाता है।

इस अवसर पर मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि श्री खाटू श्याम मंदिर में हर पर्व को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। एकादशी पर विशेष भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। करनाल सहित दूर-दूर लोग दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंचते है और सबकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मंदिर कमेटी की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जाती है। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, अनिल गर्ग, महिंद्र गुप्ता, रामकरण गोयल, पवन गर्ग, कृष्ण कुमार मित्तल, हरीश गुप्ता व पवन गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से संपन्न हुआ जाट हाई स्कूल सोसायटी के कॉलेजियम का चुनाव

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** एडीसी एवं जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि जाट हाई स्कूल सोसायटी के कॉलेजियम का चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से संपन्न हो गया। इसमें 46 कॉलेजियम निर्विरोध तथा 26 कॉलेजियम चुनाव के माध्यम से चुने गए। वहीं कॉलेजियम नंबर 23, 52 व 71 में कोई नामांकन सही नहीं पाए जाने के कारण खाली रह गए हैं।

उन्होंने बताया कि रविवार को हुए मतदान में कॉलेजियम नंबर एक से रजत रापडिया, दो से बलकार, सात से संदीप खर्ब, नौ से बलजिंद्र सिंह भनवाला, 11 से नरेश कुमार, 13 से जयवीर, 18 से पाला राम, 19 से गुलाब सिंह, 27 से बलविंद्र सिंह, 30 से रश्मि, 31 से रामस्वरूप, 33 से मनोज कुमार, 36 से राजबीर सिंह, 38 से मेहर सिंह, 39 से सतीश कुमार, 45 से चरण सिंह, 50 से सुरेंद्र सिंह, 53 से गुरनेक सिंह, 59 से प्रदीप कुमार, 63 से राजपाल, 65 से



एडीसी एवं जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक दीपक बाबूलाल करवा।

सत्यवान सिंह, 68 से भरथू राम, 70 से बख्शा सिंह, 72 से दिलबाग सिंह, 73 से प्रवीण कुमार, 75 से राय सिंह विजयी रहे।

**ये चुने गए निर्विरोध:** इससे पूर्व हुए निर्विरोध चयनित कॉलेजियम सदस्यों में कॉलेजियम तीन से बसाऊ राम, चार से प्रकाश चहल, पांच से कुलदीप सिंह, छह से जसमेर, आठ से धर्म सिंह, 10 से स्वतंत्र पाल, 12 से अभिषेक, 14 से नरेश, 15 से राजकुमार, 16 से रमेश चंद, 17 से राजपाल, 20 से सुभाष चंद, 21 से रघुबीर सिंह, 22 से कुलदीप सिंह, 24 से पवन कुमार, 25 से जयपाल, 26 से रामभज, 28 से अमित कैंदल, 29 से दलबीर सिंह, 32 से विक्रम सिंह, 34 से महावीर सिंह राविश, 35 से सतीश कुमार, 37 से कुलदीप सिंह, 40 से सुशील कुमार, 41 से कृष्ण लाल, 42 से महाबीर, 43 से भीम सिंह, 44 से शमशेर सिंह, 46 से नायब सिंह, 47 से कृष श्योकंद, 48 से वीरेंद्र सिंह, 49 से गुरनाम सिंह, 51 से सूरजमल नैन, 54 से भान सिंह, 55 से सुनील कुमार, 56 से राजेश कुमार, 57 से बलकार सिंह, 58 से करनैल सिंह, 60 से राकेश कुमार, 61 से मनफूल सिंह, 62 से दयापाल मान, 64 से राजपाल सिंह, 66 से कृष्ण कुमार, 67 से कृष्ण कुमार, 69 से गुरदेव सिंह, 74 से रामपाल को सर्वसम्मति से चयनित किया जा चुका है।

# मुस्लिम राजपूत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने हजरत गूंगे शाह के मजार पर चढ़ाई चादर

**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** वरिष्ठ पत्रकार एवं उत्तर प्रदेश मुस्लिम राजपूत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कस्बा रमजानपुर स्थित हजरत गूंगे शाह रहमतुल्लाह की मजार पर पहुंचकर चादर चढ़ाई।

उत्तर प्रदेश मुस्लिम राजपूत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष तथा वरिष्ठ पत्रकार हामिद अली खान राजपूत उर्फ मामू द्वारा जनपद के प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेले में पहुंचकर हजरत गूंगे शाह रहमतुल्लाह के मजार पर चादर चढ़ाई और फूल और इत्र पेश किये।

इस अवसर पर भांजे इंतजार हुसैन पत्रकार ने सज्जादा नसीन अ फराद उर्फ छोटे मियां से मुलाकात की। मियाँ ने साफा बांधकर दोनों मामू भांजे का सम्मान किया दरगाह में पहुंचकर हिंदुस्तान में अमन चैन की दुआ की। यह मेला गत वर्षो की भांति लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है, यह मेला हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है, यहां जो मन्नत मांगी जाती



है उसकी दुआ कबूल होती है। मामू के अनुसार जब से छोटे मियां ने गद्दी संभाली है उसके बाद यहां पर काफी बदलाव देखने को मिला दरगाह पर लगातार लंगर होता रहता है। इसमें हजरत अखलाक मियां का विशेष सहयोग रहता है, जब आप इनसे मिलने के लिए देश विदेश के लोग आते हैं मेले में अस्थाई पुलिस चौकी पर मेला इंचार्ज कमलेश सिंह द्वारा पुलिस स्टाफ पार्किंग से लेकर अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दे रहा है।

रमजानपुर के ग्राम प्रधान एडवोकेट मुत्तलिब खाँ उर्फ भाईया ने मेले में अच्छी व्यवस्थाएं कर रखी हैं। मेले में गाँव बहेटा डम्बर से भी चादर पेश की गई। इस अवसर पर पूर्व एसआई निहालउद्दीन अजमत अली, एसआई वारिस अली खान अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हर घर-हर गृहिणी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्ति करें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन: डीसी प्रीति

## ■ पात्र परिवार की महिला को 500 रुपये में मिलेगा गैस सिलेंडर

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हर घर-हर गृहिणी योजना को लागू किया गया है। इस योजना के तहत अंत्योदय परिवारों को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी देने का प्रावधान है। योजना का उद्देश्य प्रत्येक गृहणी को लकड़ी व कोयले आदि के चूल्हे से छुटकारा दिलाना तथा वातावरण को प्रदूषण से मुक्त बनाना भी है। योजना का प्रचार-प्रसार के क्रियान्वयन बारे खाद्य आपूर्ति विभाग को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं।

डीसी ने बताया कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा अंत्योदय परिवारों को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी दी जाएगी। सब्सिडी के लिए जिला के प्रत्येक गांव में डिपो होल्डर व गैस एजेंसियों आदि के माध्यम से जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा सीएससी सेंटर के माध्यम से गृहणियों के आवेदन करवाए जा रहे है ताकि इस योजना का लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि सब्सिडी 320 रुपए सभी पात्र परिवार की सबसे बड़ी महिला के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी और पात्र महिला को 500 रुपए मे गैस सिलेंडर मिलेगा, महिला का बैंक खाता होना चाहिए। पात्र महिला को



मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी।

एक साल में 12 गैस सिलेंडर सब्सिडी पर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए फैमिली आईडी यानी हरियाणा परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय 1.80 लाख से कम होनी चाहिए। बीपीएल राशन कार्ड, एएवाई कार्ड के सभी अंत्योदय परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए पात्र परिवार इपीडीएस डॉटहरियाणाफुडडॉटजीओवीडॉटइन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# डी.ए.वी. स्कूल में बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया



नन्हे बच्चे हस्त निर्मित पेंटिंग दिखाते हुए। (छाया: एसबी)

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** नगर के डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वॉइस प्रधान प्रदीप गोयल व प्रिंसिपल सुखपाल सिंह मान ने विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर विद्यालय में जूनियर व सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों में पतंग बाजी प्रतियोगिता का आयोजित की गयी। बच्चों द्वारा पतंग बाजी की गई। उन्होंने अपनी-अपनी पेंटिंग, पतंग मेकिंग आदि कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नन्हें बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं द्वारा सभी विद्यार्थियों का मनमोहन लिया। इस अवसर पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन प्रदीप गोयल ने बताया कि बसंत पंचमी पर्व हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। यह भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। प्रिंसिपल सुखपाल मान ने कहा कि इस दिन विद्या की देवी मां सरस्वती कामदेव और भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि विद्या के साथ-साथ कला संगीत और बुद्धि का वरदान मांगने के लिए लोग इस दिन मां सरस्वती की पूजा और अनुष्ठान करते हैं। अंत में वाइस चेयरमैन प्रदीप गोयल व प्रिंसिपल सुखपाल मान ने सभी बच्चों, विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को इस पर्व की हार्दिक बधाई दी।

## हर घर-हर गृहिणी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र लाभार्थियों को पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य: उत्तम सिंह

**एसबी विशेष संवाददाता/करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हर घर-हर गृहिणी योजना को लागू किया गया है। इस योजना के तहत अंत्योदय परिवारों को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी देने का प्रावधान है। योजना का उद्देश्य प्रत्येक गृहणी को लकड़ी व कोयले आदि के चूल्हे से छुटकारा दिलाना तथा वातावरण को प्रदूषण से मुक्त बनाना भी है। योजना का प्रचार-प्रसार के क्रियान्वयन बारे खाद्य आपूर्ति विभाग को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं। उपायुक्त ने बताया कि जिला में तीन लाख 17 हजार 522 राशन कार्ड धारक है। हर घर-हर गृहणी योजना के लिए अब तक 94 हजार 792 ने अपना पंजीकरण करवा लिया है। उन्होंने बताया कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा अंत्योदय परिवारों को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी दी जाएगी। सब्सिडी के लिए जिला के प्रत्येक गांव में डिपो होल्डर व गैस एजेंसियों आदि के माध्यम से जागरूक अभियान चलाया जा रहा है।

# पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक बिंदेश्वरी चौधरी के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन



**एसबी ब्यूरो**

**मंसूरचक (बेगूसराय)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवानीपुर में पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक बिंदेश्वरी चौधरी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर चौधरी वहीं संचालन शिक्षक सुनील कुमार गुप्ता ने किया। मौके पर उपस्थित सभी शिक्षकों,अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने सेवानिवृत्त शिक्षक को पुष्प गुच्छ एवं बुके देकर विदाई दी। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छविलापुर के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार चौधरी उपस्थित थे। श्री चौधरी ने सेवानिवृत्त शिक्षक को जीवन की दूसरी पारी के लिए शुभकामना देते हुए उनके कुशल स्वास्थ्य की कामना की। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अशोक कुमार चौधरी ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान विद्यालय के विकास के विभिन्न कार्यों सहित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सभी शिक्षकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अभिभावकों का भरपूर सहयोग मिला। बिंदेश्वरी चौधरी ने कहा कि अपने सेवा काल के दौरान बच्चों एवं स्थानीय लोगों द्वारा मिले स्नेह एवं प्यार को ताउम्र भूल नहीं पाऊंगा। इनके कार्यकाल में विद्यालय खूब तरक्की किया।

मौके पर राजद के जिला महासचिव अरमान कुरैशी, अंगद पंडित, अनिल पासवान, विश्वनाथ झा, प्रेमचंद कुमार, निरंजन पासवान, सुरेन्द्र चौधरी, देवेंद्र कुमार, अमर आनंद, राकेश रंजन, डॉ. सुनीति कुमारी, वरीय शिक्षिका नीलम कुमारी एक, चुनचुन कुमारी, हर्षा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बसन्त पंचमी के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा किया गया निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** महानिदेशक आयुष हरियाणा पंचकुला के आदेशानुसार और जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. शकुन्तला दहिया के निर्देशन में बसन्त पंचमी के अवसर आयुष विभाग कैथल द्वारा डॉ. भीम राव अम्बेडकर लाईब्रेरी, क्योडक बस्ती कैथल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत लगाया गया है। इस अवसर पर प्रदर्शनी भी लगाई गई।

डा. शकुन्तला दहिया ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न रोगों का आयुष विभाग के वरिष्ठ एवं अनुभवी चिकित्सकों तथा योग विशेषज्ञ, पंचकर्म विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क ईलाज किया गया। इस शिविर में अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य सम्बन्धी विषयों पर व्याख्यान भी दिए। उन्होंने कहा कि बसन्त ऋतु का पीला रंग हमारे मस्तिष्क को यकृत एवं उर्जा प्रदान करता है। ऋतु अनुसार पीले रंग के फलों में केला, आम, अमरूद, पपीता, बेर, श्री खंड जैसे फलों का सेवन लाभदायक होता हैं। ये मैटाबॉलिजम को



बढ़ाता है, जिससे हमारे लीवर की पचाने की क्षमता बढ़ाती है।

आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डा. राजेन्द्र कुमार ने मौसम अनुसार होने वाली बीमारियों व उनकी रोकथाम के बारे में बताया। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डा रमेश कुमार ने औषधीय पौधों के प्रयोग के बारे में बताया। इसी प्रकार डा. अंजलि श्योकन्द द्वारा बसन्त ऋतु में स्वास्थ्यवर्धन उपायों के बारे में तथा घरेलू रसोई में उपलब्ध मसालों के औषधीय गुणों के बारे में बताया गया। कुसुम लता, सुशील कुमार, विनोद कुमार, कमला रानी, स्नेहा आयुर्वेदिक फार्मासिस्टों द्वारा निशुल्क औषधिया वितरित की गई। हौम्योपैथिक चिकित्सक डा. ममता मैहला, डा. सुशील जागलान द्वारा हौम्योपैथी पद्धति के माध्यम से रोगियों का निरीक्षण किया गया तथा रोबिन हौम्योपैथिक फार्मासिस्टों द्वारा निशुल्क हौम्योपैथिक औषधियों का वितरण किया गया। योगा टीम द्वारा योग का क्रियात्मक प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा पाला राम, विनोद कुमार द्वारा कैम्प में पूर्ण सहयोग किया गया।

# विधायक ने बसंत पंचमी पर गोगामाड़ी में नवाया शीश

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को बसंत पंचमी के दिन कलामपुरा में स्थित गोगामाड़ी में गुरु गोरखनाथ जी की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया और समस्त शहरवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने समस्त विधानसभा वासियों को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

विधायक जगमोहन आनंद कीर्तन में भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने गांव के युवाओं, माताओं व बहनों का विधानसभा चुनाव में अपना आशीर्वाद देने पर धन्यवाद जताया। उन्होंने कहा कि जिन उम्मीदों के साथ लोगों ने उन्हें वोट देकर हरियाणा विधानसभा भेजा है, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा। लोगों की जो भी समस्याएं



हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का शत प्रतिशत प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण गर्ग, पूर्व सरपंच बंसी लाल, मंडल अध्यक्ष मोहित सचदेवा, जसवंत जोगी, जोगिंद्र जोगी, विक्रम जोगी, विकास, ईश्वर व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मानव श्रृंखला बनाकर बरेला झील क्षेत्र में आर्द्रभूमि बढ़ाने का दिया गया संदेश

## ■ वृक्षारोपण और हस्ताक्षर अभियान भी चला



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/डॉ. संजय**

**हाजीपुर।** जिला पदाधिकारी,यशपाल मीणा के निर्देश पर विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर बरेला झील सलीम अली पंछी आश्रयणी क्षेत्र में मानव श्रृंखला बनाकर आर्द्रभूमि की उपयोगिता, इसके महत्व और संरक्षण के लिए व्यापक संदेश दिए गए।

इस अवसर पर मानव श्रृंखला में वैशाली जिला के लगभग 3000 लोगों की भागीदारी रही। इसमें पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों, शिक्षक, छात्र, जीविका दीदी, एनसीसी कैडेट्स, भारत स्काउट एंड गाइड और नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों के साथ अधिकाधिक संख्या में स्थानीय ग्रामीण लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। माहौल उत्सवी रहा। आर्द्रभूमि या वेटलैंड वह जगह होती है जहां जमीन पानी से ढकी होती है। वेटलैंड में जलीय पौधे और पंछियों का बाहुल्य होता है। वैशाली जिला का बरेला झील जो जिला मुख्यालय हाजीपुर से करीब 45 किलोमीटर की दूरी पर पातेपुर-जंदाहा प्रखंड में है, अपनी खूबसूरती और मेहमान पंछियों के लिए प्रसिद्ध है। विदित है कि जिला पदाधिकारी की पहल पर बरेला झील के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए सर्वे और सीमांकन का कार्य पहले ही पूर्ण किया जा चुका है।

बीते 6 जनवरी को मुख्यमंत्री द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान बरेला झील के सौंदर्यीकरण एवं विकास की घोषणा के बाद जिला प्रशासन और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग इसे मूर्त रूप देने में मुस्तैदी से जुट गया है। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया और नवनिर्मित बम्बू वॉच टावर से बरेला झील का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर चित्रकला एवं लेखन कला के विजेताओं के साथ बरेला झील की सुरक्षा, संरक्षण एवं विकास में योगदान के लिए वनपाल, वनरक्षक एवं पक्षी मित्रों को प्रशस्ति-पत्र के साथ किट बैग प्रदान किया गया। स्थानीय पर्यावरणविद, पंकज चौधरी द्वारा चित्र प्रदर्शनी लगाई गई जो आकर्षण के केंद्र में रहा।

वन विभाग द्वारा विभिन्न प्रजाति के 2000 से अधिक पौधे निःशुल्क वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में पातेपुर विधायक, लखेंद्र रौशन, महनार विधायक, वीणा सिंह, अपर समाहर्ता, विनोद कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त, कुंदन कुमार, एसडीएम महुआ, किशलय कुशवाहा, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, नीरज, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अमित कुमार, जिला गंगा समिति के परियोजना पदाधिकारी, मुनिश सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 9 मार्च को दिल्ली में आयोजित होगी भव्य कवि सम्मेलन

**एसबी ब्यूरो**

**बेगूसराय।** काव्य हिन्दुस्तान अंतरराष्ट्रीय साहित्य समूह चला दिल्ली गांधी शांति प्रतिष्ठान भवन की ओर 9 मार्च 2025 को सातवां कवि सम्मेलन, पौधा वितरण, सम्मान समारोह, पुस्तक विमोचन और समूह द्वारा भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन, आयोजित किया जाएगा। इसमें आने वाले आमंत्रित वरिष्ठ साहित्यकार एवं कार्यक्रम अध्यक्ष गीतकार प्रमोद मिश्र 'निर्मल' पधार रहे हैं। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापिका रेखा शर्मा 'स्नेहा' ने देश-विदेश से साहित्यकारों का आह्वान किया है। इसमें देश के बहुत सारे साहित्यकारों की स्वीकृति प्रदान हुई है।



यह संस्था द्वारा आयोजित सातवां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा संस्थापिका एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा शर्मा 'स्नेहा' द्वारा वरिष्ठ गीतकार प्रमोद मिश्र 'निर्मल' जी नोएडा उत्तर प्रदेश से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आप रेखा शर्मा 'स्नेहा' से संपर्क कर सकते हैं- 8809523081.


वसंत पंचमी (सरस्वती पूजा)
की नार्थ बिहार के सभी नागरिक
तथा समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई





हिमांशु राज
क्लस्टर हेड, एक्सिस बैंक चैनल,
नार्थ बिहार, मुजफ्फरपुर